सामाजिक विज्ञान

- सामाजिक विज्ञान विषय के अन्तर्गत चार विषयों यथा **इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र एवं अर्थशास्त्र** का समावेश होता है। प्रत्येक विषय हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम का भली–भांति अध्ययन कर लें तथा उसकी पुनरावृत्ति अवश्य कर लें।

- पाठ्यपुस्तकों का अध्ययन करते समय प्रत्येक अध्याय के विभिन्न पृष्ठों पर बॉक्स में दी गयी विषयवस्तु का भी अध्ययन अवश्य करें।

- प्रत्येक अध्याय/प्रकरण/अवधारणा की पुनरावृत्ति करते समय उसके मुख्य बिन्दुओं को अभ्यास पुस्तिका में नोट करते चलें जिससे परीक्षा के समय उन्हें आसानी से दोहराया जा सके।

- पाठ्यपुस्तक में किसी प्रकरण/टॉपिक से सम्बन्धित **आरेख, चित्र एवं ग्राफ** आदि को भली–भांति समझ कर अध्ययन कर लें तथा परीक्षा में उत्तर लिखते समय यथावश्यक उनका प्रयोग करें।


- इतिहास उपविषय के अन्तर्गत **ऐतिहासिक घटनाओं** से सम्बंधित मुख्य बिन्दुओं को क्रमबद्ध रूप से संक्षेप में नोट करते हुए उनका लिखकर अभ्यास करें।

- **अर्थशास्त्र एवं भूगोल** विषय में **आंकड़ों** का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें एवं प्रश्नों के उत्तर देते समय यथावश्यक उसका उपयोग करें।

- **इतिहास एवं भूगोल** विषय में **निर्धारित मानचित्र** सम्बन्धी प्रश्नों का अधिकाधिक अभ्यास करें।

- भूगोल के मानचित्र सम्बन्धी प्रश्नों को दर्शाने के लिए प्रश्नपत्र में दिये गए चिह्नों का प्रयोग अवश्य करें।

- प्रश्न पत्र के वर्णनात्मक भाग में लघु उत्तरीय एवं विस्तृत उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर लिखते समय प्रश्न की प्रकृति व आवश्यकतानुसार फ्लो चार्ट (flow chart) का भी प्रयोग करें। उदाहरणार्थ –



- प्रश्नों का उत्तर लिखते समय यथासम्भव **नामांकित चित्रों, रेखाचित्रों एवं आंकड़ों** का प्रयोग अवश्य करें। इससे आपके उत्तर अधिक प्रभावी होंगे।

- प्रश्नों का उत्तर लिखते समय **शब्द सीमा** का ध्यान अवश्य रखें, जिससे पूरे प्रश्नपत्र को हल करने के लिए समय का उचित प्रबन्धन हो सके।

- प्रश्न में जो अपेक्षा की गयी है उसी का उत्तर लिखें।